कुल प्रश्नों की संख्या : 27
Total No. of Questions: 27

कुल पृष्ठों की संख्या : 08
Total No. of Pages: 08

# हायर सेकेण्डरी परीक्षा, जून – 2018

# 301

## विषय : हिन्दी

## Subject: HINDI

समय : 03 घण्टे
Time: 03 Hours

पूर्णांक : 100
Maximum Marks: 100

---

*निर्देश –*

**(i)** *प्रश्न पत्र में खण्ड –''क'', ''ख'', ''ग'' हैं। खण्ड ''क'' करना अनिवार्य है। खण्ड ''ख'' तथा खण्ड ''ग'' में से कोई एक खण्ड हल करना अनिवार्य है।*

**(ii)** *प्रश्न 1 से 4 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं।*

**(iii)** *दो – दो अंकों वाले प्रश्नों की शब्द सीमा 20 शब्द है।*

**(iv)** *तीन – तीन अंकों वाले प्रश्नों की शब्द सीमा 40 शब्द है।*

**(v)** *चार – चार अंकों वाले प्रश्नों की शब्द सीमा 60 शब्द है।*

**(vi)** *सभी प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।*

**(vii)** *सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।*

## खण्ड – ''क'' अनिवार्य

प्र.1 रिक्त स्थानों की पूर्ति दिये गये विकल्प के आधार पर कीजिए :– (1×5=5)

(1) कविता की प्रेरणा से कार्य में .................. बढ़ती है। (प्रवृत्ति, कुवृत्ति, वृत्ति)

(2) मनुष्य का जन्म मिलना ........................ है। (कठिन, दुर्लभ, आसान)

(3) हँसी एक साथ ही ................................. को प्रसन्न करती है। (शरीर और मन, शत्रु और मित्र, जड़ और चेतन)

(4) क्रोध, शांति ............................... मनोविकार है। (प्रदान करने वाला, भंग करने वाला, बढ़ाने वाला)

(5) ''राधा बदन चंद्र सौ सुन्दर'' में अलंकर है। (रूपक, उत्प्रेक्षा, उपमा)

प्र.2 निम्नलिखित वाक्यों के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए :– (1×5=5)

(1) प्रकाश का विलोम शब्द है –

(1) तम (2) काला

(3) अंधेरा (4) उजाला

(2) राम भक्तिकाव्य में कौन सा भाव प्रमुख है –

(1) प्रेम (2) दास्य

(3) पूजा (4) सख्य

(3) ''दाग लगना'' मुहावरे का अर्थ है –

(1) अच्छा लगना (2) बुरा लगना

(3) इज्जत पाना (4) कलंकित होना

(4) सर्वप्रथम हिन्दी गद्य का साहित्यिक रूप में विकास हुआ –

(1) भारतेन्दु युग (2) छायावादी युग

(3) द्विवेदी युग (4) प्रयोगवादी युग

(5) कौन सा वाक्य शुद्ध है –

(1) शंकर और उसका मित्र बाजार गए।

(2) शंकर और उसका मित्र बाजार जाइयेगा।

(3) शंकर और उसका मित्र बाजार में गए।

(4) शंकर और उसका मित्र बाजार गया।

प्र.3 सही जोड़ियाँ बनाइए :– (1×5=5)

| (अ) | (ब) |
| --- | --- |
| (1) पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ | अवधि भाषा |
| (2) रति का स्थाई भाव | ब्रजभाषा |
| (3) मुझे कदम–कदम पर | हरिशंकर परसाई |
| (4) चंद्र का पर्यायवाची | श्रृंगार |
| (5) भारतेन्दु युगीन काव्य की भाषा | महादेवी वर्मा |
| | शशांक |
| | गजानन माधव भुक्ति बोध |

प्र.4 निम्नलिखित कथनों में से सत्य/असत्य चुनकर लिखिए – (1×5=5)

(1) ''दशानन'' में द्विगु समास है।

(2) भक्तिकाल हिन्दी साहित्य का स्वर्णयुग कहलाता है।

(3) ''सूर्य'' का पर्यायवाची रवि होता है।

(4) आँखों से निकले आँसू व्यक्ति के मन के दुःख को व्यक्त कर देते हैं।

(5) प्रत्यय, शब्द के आरंभ में लगते हैं।

प्र.5 रैदास ने ईश्वर की उपमा किन – किन तत्वों से दी है? (2)

**अथवा**

हाथी जहाँ तहाँ क्यों धूल उड़ाता रहता है?

प्र.6 चित्रा का चित्र किसका प्रतीक था? (2)

**अथवा**

सूखा वृक्ष देखकर लेखक को क्या लगा और क्यों?

प्र.7 भाव–पल्लवन कीजिए – (2)

जैसा करोगे वैसा भरोगे।

<u>**अथवा**</u>

आत्म – निर्भरता एक श्रेष्ठ गुण।

प्र.8 छन्द किसे कहते हैं? (2)

<u>**अथवा**</u>

रस की परिभाषा लिखिए।

प्र.9 निम्नलिखित में से कोई दो मुहावरों का अर्थ बताते हुये वाक्य में प्रयोग कीजिए:– (2)

(1) आग बबूला होना

(2) नौ दो ग्यारह होना

(3) कमर कसना

<u>**अथवा**</u>

निम्नलिखित में से कोई दो वाक्य शुद्ध कीजिए :–

(1) खरगोश को काटकर गाजर खिलाओ।

(2) कोप ही दण्ड का विधान है।

(3) मेरी अंकसूची गुम हो गई है।

प्र.10 ''मौन'' कविता का केंद्रीय भाव लिखिए। (3)

<u>**अथवा**</u>

परम्परा के लुप्त होने पर क्या–क्या हानि होती है?

प्र.11 कवि मुक्तिबोध ने चौराहे को अच्छा क्यों माना है? (3)

<u>**अथवा**</u>

''शान्ति की दुकान'' कविता में छिपे व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए।

प्र.12 कुटज का क्या उपदेश है? (3)

**अथवा**

क्रोध की आवश्यकता क्यों पड़ती है?

प्र.13 संस्कृति का अर्थ स्पष्ट कीजिए। (3)

**अथवा**

लेखक ने आखिरी चट्टान किसे कहा है?

प्र.14 ''विराटा की पद्मिनी'' के प्रमुख पात्रों का संक्षेप में परिचय दीजिए। (4)

**अथवा**

'अनपढ़ बनाए रखने की साजिश' में लेखक ने पढ़ने को खतरनाक क्यों माना है?

प्र.15 मीरा की भक्ति–भावना पर टिप्पणी कीजिए। (4)

**अथवा**

पद्माकर का संक्षिप्त जीवन परिचय दीजिए।

प्र.16 निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ–प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए – (5)

दो टूक बात यों कि जीवन वह है जो समय पर हिल भी सकता है और समय पर झुक भी, पर ठूँठ तो वह है, जो अड़ ही सकता है, झुक नहीं सकता।

**अथवा**

''दुनिया के सारे तानाशाहों ने सबसे पहले या तो पुस्तकालय जलाए हैं या किताबों को कुचला है''।

प्र.17 निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ–प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए :– (5)

विस्तृत नभ का कोई कोना
मेरा न कभी अपना होना
परिचय इतना इतिहास यही
उमड़ी कल थी मिट आज चली।

**अथवा**

हरि सा हीरा छांड़ि करि, करें आन की आस।
ते नर जमपुरि जाइसी सति भाषै रैदास।।

प्र.18 नगर के सहायक यंत्री को जल की अनियमित 'पूर्ति' के लिए शिकायती पत्र लिखिए। (5)

**अथवा**

अपने विद्यालय के प्राचार्य महोदय को शुल्क माफी हेतु आवेदन पत्र लिखिए।

प्र.19 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिएः—

''भोजन सामग्री की भाँति कुछ पुस्तकें अच्छी होती हैं कुछ बुरी। प्रतिकूल भोजन के समान निकृष्ट पुस्तकें त्याग देनी चाहिए। जिन पुस्तकों की विषय वस्तु दूषित है, शब्दावली आडम्बरपूर्ण है, वे हानिकारक होती हैं। अध्ययनशील व्यक्ति का कर्तव्य, जो कोई पुस्तक हाथ लगे, उसे पढ़ना मात्र नहीं है, बल्कि अच्छी और सुरुचिपूर्ण पुस्तकें चयन करना सीखना है।''

(1) उपरोक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। **(1)**

(2) हमें कैसी पुस्तकें पढ़ना चाहिए? **(2)**

(3) गद्यांश का सारांश अपने शब्दों में लिखिए। **(2)**

<u>**अथवा**</u>

निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिएः—

''मिट्टी की महिमा मिटने में,
मिट—मिट हर बार सँवरती है,
मिट्टी—मिट्टी पर मिटती है,
मिट्टी—मिट्टी को रचती है।

(1) उपरोक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(2) मिट्टी किस को सँवारती है?

(3) उपर्युक्त पक्तियों का भावार्थ लिखिए।

प्र.20 (अ) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 200 शब्दों में निबंध लिखिएः— **(7)**

(1) पर्यावरण प्रदूषण समस्या और निदान

(2) जल ही जीवन है

(3) जीवन में खेलों का महत्व

(4) इंटरनेट आज की आवश्यकता

(5) वर्तमान शिक्षा प्रणाली

(ब) उपर्युक्त विषयों में से निबंध लेखन के अतिरिक्त किसी एक विषय की रूपरेखा लिखिए। **(3)**

## खण्ड – ''ख''

प्र.21 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में लिखिए – (5)

(1) दूरदर्शन अन्य माध्यमों की तुलना में क्या है?

(2) संचार माध्यम कौन–कौन से हैं?

(3) रेडियो की 'विविध भारती सेवा' मुख्य रूप से किस प्रकार की सेवा है?

(4) कम्प्यूटर कैसा उपकरण है?

(5) एक समाचार वाचक में क्या गुण होने चाहिए?

प्र.22 संचार माध्यम किसे कहते हैं? (2)

**अथवा**

''चौथी दुनिया'' से क्या तात्पर्य है?

प्र.23 सम्पादक मंडल के सदस्य कौन–कौन होते हैं? (2)

**अथवा**

फीचर किसे कहते हैं?

प्र.24 ''समाचार के मुख्य स्त्रोत'' का लगभग 150 शब्दों में परिचय दीजिए। (2)

**अथवा**

समाचार की परिभाषा बतलाते हुए उसके बुनियादी पहलुओं को लिखिए।

प्र.25 ''इंटरनेट'' क्या है? इसकी कार्य प्रणाली को विस्तार से समझाइए। (3)

**अथवा**

संचार क्रान्ति के मुख्य कारणों को समझाइए।

प्र.26 रेडियो और दूरदर्शन की भाषा में क्या अंतर होता है? समझाइए। (3)

**अथवा**

संचार माध्यमों में प्रयुक्त भाषा की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

प्र.27 प्रेस विज्ञापन क्या है? (3)

**अथवा**

वार्ता व भेंटवार्ता में अन्तर लिखिए।

## खण्ड – "ग"

प्र.21 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में लिखिए – (5)

(1) पत्र कितने प्रकार के होते हैं?

(2) फाइल पर टिप्पणी क्यों लिखी जाती हैं?

(3) टिप्पणी लेखन के कितने चरण होते हैं?

(4) प्रारूप क्या है?

(5) कार्यालयीन हिन्दी में किस प्रकार के वाक्यों का प्रयोग अधिक होता है?

प्र.22 कार्यालय ज्ञापन का प्रयोग किन–किन के बीच होता है? (2)

**अथवा**

कार्यालय आदेश का प्रयोग किस प्रयोजन से होता है?

प्र.23 फाइल के दो भाग कौन–कौन से होते हैं? (2)

**अथवा**

टिप्पणी की भाषा कैसी होनी चाहिए?

प्र.24 टिप्पणी किसे कहा जाता है? (2)

**अथवा**

हिन्दी की प्रयुक्ति से क्या तात्पर्य है?

प्र.25 भारत में किस भाषा को राष्ट्रभाषा माना गया है और क्यों? (3)

**अथवा**

सम्पर्क भाषा किसे कहते हैं?

प्र.26 सरकारी पत्र और कार्यालय ज्ञापन में रूपरेखा की दृष्टि से क्या अंतर होता है? (3)

**अथवा**

टिप्पणी लिखते समय किन–किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

प्र.27 सार–लेखन से कार्यालयी कार्य निपटाने में क्या सुविधाएँ होती हैं? (3)

**अथवा**

एक अच्छे सार–संक्षेपण में कौन–कौन से गुण होने चाहिए?

-------------------------------